**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**18.45 भानिवार** **दिनांक 25.07.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **कॉकरोच जनता पार्टी—सीजेपी ने केन्द्र सरकार द्वारा अपनी मांगें स्वीकार किए जाने के बाद आंदोलन वापस ले लिया है।**
- **केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंपा।**
- **प्रदेश में सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू।**
- **प्रधानमंत्री कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से ''मन की बात'' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।**

**सीजेपी—आंदोलन खत्म**

कॉकरोच जनता पार्टी—सीजेपी ने केन्द्र सरकार द्वारा अपनी मांगें स्वीकार किए जाने के बाद आंदोलन वापस ले लिया है। केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने आज सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ तीसरे दौर की बातचीत की। बैठक में परीक्षा प्रणाली में सुधार और प्रश्नपत्र लीक रोकने के उपायों सहित विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। बाद में नई दिल्ली में सीजेपी प्रतिनिधिमंडल के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में श्री नड्डा ने कहा कि सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज नहीं करने की मांग स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि यदि कोई प्राथमिकी पहले ही दर्ज की गई है, तो उसे वापस लिया जाएगा और उसकी प्रतियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। आत्महत्या करने वाले लोगों के परिजनों को मुआवजा देने के मुद्दे पर श्री नड्डा ने कहा कि सरकार को पूरी सहानुभूति है और नियमों के अनुसार उनके परिजनों को अधिकतम संभव मुआवजा सुनिश्चित किया जाएगा। इस मौके पर सीजेपी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ दास ने कहा कि संगठन ने सद्भावना के आधार पर आंदोलन वापस लेने का फैसला किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सहमत शर्तों को निर्धारित समय—सीमा में लागू किया जाएगा।

**धर्मेन्द्र प्रधान—इस्तीफा**

इससे पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री प्रधान ने कहा कि पिछले दस दिनों से छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद उत्पन्न स्थिति से वे व्यथित हैं और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नहीं है। उन्होंने कहा कि जंतर—मंतर और पूरे देश में वर्तमान स्थिति का राष्ट्रविरोधी ताकतें लाभ ना उठा सके और किसी भी छात्र का भविष्य कानूनी पेचीदगियों में न उलझे, इसलिए उन्होंने प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंपने का निर्णय लिया है। श्री प्रधान ने कहा कि नीट—यूजी परीक्षा में अनियमितताओं के बाद, सरकार ने जांच सीबीआई को सौंप दी और परीक्षा रद्द कर दी। सरकार ने पुनर्परीक्षा की नई तिथि की भी घोषणा की। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने अगले वर्ष से इस परीक्षा को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा मोड में आयोजित करने का निर्णय लिया है। नेशनल परीक्षा एजेंसी—एन.टी.ए. के सैंतालीस अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से कुछ अधिकारियों के खिलाफ कानूनी और आपराधिक कार्रवाई भी की जाएगी।

**सहायक शिक्षक—भर्ती प्रक्रिया**

प्रदेष में सहायक षिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल ने भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन चौबीस जुलाई से इक्कीस अगस्त तक किए जा सकते हैं। लिखित परीक्षा की संभावित तिथि ग्यारह अक्टूबर तय की गई है। परीक्षा के लिए प्रदेष के सोलह जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। भर्ती से जुड़ी विस्तृत जानकारी कर्मचारी चयन मंडल की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**वैष्णो देवी यात्रा**

जम्मू—कश्मीर में तेज बारिश के कारण लगातार छह दिन तक निरस्त रही श्री माता वैष्णो देवी यात्रा आज फिर शुरू हुई। अधिकारियों द्वारा मौसम की स्थिति की समीक्षा के बाद तीर्थयात्रा फिर शुरू कर दी गई है। इस मार्ग को तीर्थयात्रियों के लिए सुरक्षित घोषित कर दिया गया है। इस मार्ग पर लगातार बारिश, भूस्खलन और अचानक बाढ़ आने के जोखिम के कारण यात्रा को निरस्त किया गया था। तीर्थयात्रियों को अपनी यात्रा के दौरान श्राइन बोर्ड और सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशों तथा सुरक्षा परामर्श का पालन करने और मौसम संबंधी जानकारी से अवगत रहने की सलाह दी गई है।

**'महतारी वंदन वृक्षारोपण अभियान'**

प्रदेश में पहली बार 'महतारी वंदन वृक्षारोपण अभियान' का आयोजन तीस जुलाई को किया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित इस अभियान का उद्देश्य मातृशक्ति को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना है। बालोद जिले में आयोजित वृहद पौधरोपण कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं के साथ–साथ अन्य इच्छुक महिलाओं को निःशुल्क पौधों का वितरण किया जाएगा। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों के सहयोग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर–घर पहुंचकर पौधे उपलब्ध करा रही हैं, ताकि प्रत्येक महिला 30 जुलाई को अपने घर, आंगनबाड़ी अथवा उपयुक्त स्थान पर पौधरोपण कर सके।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से ''मन की बात'' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ छत्तीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

**विस्फोटक बरामद**

नारायणपुर जिले में ओरछा थाना क्षेत्र के ग्राम पदगुंडा–करसेनार में जंगल से सुरक्षा बलों ने सर्चिंग अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियार, विस्फोटक और अन्य सामग्री बरामद की है। वहीं, बीजापुर जिले के पीडिया और मुतवंडी क्षेत्र के हिरमगुंडा गांव के जंगल में भी सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए छह डंप बरामद किए हैं। इनमें आईईडी, कॉर्डेक्स वायर, डेटोनेटर, गन पाउडर, संचार उपकरण, रेडियो सेट, इलेक्ट्रिक सहित अन्य सामग्री शामिल हैं।

**ईओडब्ल्यू–छापा**

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं में हुए कथित घोटाले के सिलसिले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू की टीम ने धमतरी, बिलासपुर और बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में सात ठिकानों पर छापा मारकर कई दस्तावेज और साक्ष्य जब्त किए हैं। इस दौरान कुछ दवा व्यापारियों से पूछताछ की गई है। यह घोटाला राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के तहत हुए जागरूकता कार्यक्रमों से जुड़ा हुआ है।

**स्लीपर सेल सदस्य–गिरफ्तार**

जांजगीर–चांपा जिले के अकलतरा में पुलिस ने आईएसआई स्लीपर सेल के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने के बाद जेल भेज दिया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक विजय पांडे ने बताया कि आरोपी पंजाब का रहने वाला है और उसे बीस जून को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

**गांजा बरामद**

अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के खिलाफ महासमुंद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार के सीक्रेट चेंबर से करीब अड़तीस किलो गांजा बरामद किया है। इस मामले में बिहार के कैमूर निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गांजा, तस्करी में उपयोग की गई कार और एक मोबाइल फोन समेत पच्चीस लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।

**डीन–मृत्यु**

बिलासपुर स्थित गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के डीन प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार की कल शाम एक कार्यक्रम में तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार कल शाम विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत कर रहे थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''बीजापुर''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

– छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित प्रयोगशाला परिचारक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा का आयोजन कल छब्बीस जुलाई को किया जाएगा। परीक्षा के लिए रायपुर जिले में बावन केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा सुबह दस बजे से दोपहर सवा बारह बजे तक होगी।

– महादेव सट्टा ऐप और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार कारोबारी विकास गर्ग को प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने दस दिन की हिरासत के बाद आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया, जहां से उसे चौदह दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

– दुर्ग जिले के पुलगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गनियारी–पीपरछेड़ी स्थित शिवनाथ नदी में नहाने के दौरान दो युवक नदी के तेज बहाव में बह गए। इसमें से एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि, दूसरे युवक की तलाश की जा रही है।

– बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के ग्राम सकरी के पास रायपुर से बलौदाबाजार जा रही यात्री बस और ट्रक के बीच भिड़ंत हो गई। इस हादसे में सोलह यात्री घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है।

– सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिले की सरिया पुलिस ने देवगांव के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक सौ तीन नग कोडीन सिरप सहित एक मोटरसाइकिल, एक कार और दो मोबाइल फोन जब्त किया है।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–आवेदन

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए इकतीस जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार वीरता सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच से अट्ठारह वर्ष आयु के बच्चों को दिया जाता है।

वहीं, दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले लोगों और संस्थाओं से राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए भी इकतीस जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की ओर से विश्व दिव्यांग दिवस तीन दिसंबर के अवसर पर ये पुरस्कार दिए जाएंगे।

## सूरजपुर–बैगलेस डे

सूरजपुर जिले के लगभग पांच सौ प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में बैगलेस डे के अवसर पर पोषण वाटिका निर्माण, न्योता भोजन, अतिरिक्त पूरक पोषण आहार वितरण और ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>